Need to provide escalators and elevators at Shahjahanpur Railway Station in Uttar Pradesh - laid

श्री अरुण कुमार सागर (शाहजहाँपुर): लोक सभा में मेरे द्वारा पूछे गए और तारांकित प्रश्न संख्या 3386 दिनांक 23-032022 के बारे में बताया गया था कि वित्त वर्ष 2018-19 में शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर दो अदद एस्केलेटर और दो अदद लिफ्ट की स्वीकृति दे दी गई है तथा मौजूदा ऊपरी पैदल पार पुल (एफओबी) पर सुसंगतता न होने का कारण स्वीकृत उपर्युक्त स्केलेटरों और लिफ्टों को अभी संस्थापित नहीं किया गया है।

मेरे द्वारा दिनांक 24-07-2019 में पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 5142 के बारे में यह बताया गया कि शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर 04 अदद एस्केलेटर और 02 अदद लिफ्टें लगाने के लिए प्रावधान कर दिया गया है। लेकिन मुझे दुख है कि इस संदर्भ में अब तक कोई प्रगति नहीं हुई है।

मैं यह भी अवगत कराना चाहूंगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर स्थित रेलवे स्टेशन पर जन सामान्य, विशेषतः बीमार और वरिष्ठ नागरिकों को सीढ़ियों के उपयोग में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा भीड़ भाड़ की स्थिति में गंभीर दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं। अतः ऐसी स्थिति में वहां ऊपरी पैदल पार पुल (एफबीओ) पर सुसंगतता बनाकर स्वीकृत एस्केलेटरों और लिफ्टों को जनहित में तुरंत संस्थापित किए जाने की आवश्यकता है।

अत मेरा अनुरोध है कि शाहजहांपुर स्थित रेलवे स्टेशन पर स्वीकृत किए गए एस्केलेटर और लिफ्टों को तुरंत संस्थापित किए जाने हेतु निर्देश प्रदान किए जाएं और इसमें अब तक किन कारणों से विलंब हुआ है, इसके लिए जिम्मेदारी सुनिश्चित कर विभागीय कार्रवाई की जाए।